वाराणसी-प्रयागराज को स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार

स्वच्छता सर्वेक्षण

लखनऊ/नई दिल्ली, हिटी। मध्य प्रदेश का इंदौर शहर लगातार सातवीं बार देश का सबसे स्वच्छ शहर बना है। स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2023 में इंदौर के साथ गुजरात का सूरत अव्वल रहा है। नवी मुंबई तीसरे स्थान पर रही। सरकार का दावा है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण है।

वहीं यूपी के दो शहरों वाराणसी और प्रयागराज को भी पुरस्कृत किया गया है। गंगा किनारे के शहरों में वाराणसी पहले स्थान पर रहा, जबकि प्रयागराज को दूसरा स्थान मिला। हालांकि, राष्ट्रीय रैंकिंग में वाराणसी 70वें और प्रयागराज 230वें स्थान पर है। कैंटोनमेंट बोर्ड में महू पहले स्थान पर रहा।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने गुरुवार को स्वच्छ स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2023 प्रदान किए। यूपी का पुरस्कार नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि प्रदेश के दो प्रमुख शहरों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है।

राज्य पुरस्कार में नोएडा, गाजियाबाद, अलीगढ़, आगरा, फिरोजाबाद, लखनऊ, कानपुर, झांसी, गोरखपुर और वाराणसी को पुरस्कार मिला है। नोएडा, गाजियाबाद और अलीगढ़ को क्षेत्रीय पुरस्कार मिला है। यूपी में कचरा मुक्त शहरों (जीएफसी) में उत्कृष्ट प्रदर्शन और रैंकिंग में जबरदस्त सुधार हुआ है। ऐसे शहरों में पिछले दो वर्षों में 13 गुना की वृद्धि हुई है। वाराणसी को थ्री स्टार गार्बेज फ्री सिटी रेटिंग और प्रयागराज को वाटर प्लस सिटी का दर्जा भी मिला है। जोनल स्तर पर यूपी के तीन शहरों को उत्तरी जोन का पुरस्कार मिला है। इनमें बरवर, अनूप शहर और गजरौला शामिल हैं। दस लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले शहरों में गाजियाबाद को 18वां स्थान मिला।

17 स्थान से फिसलकर 44वें स्थान पर पहुंच गया लखनऊ

01 स्थान पर रहे देशभर में इंदौर और सूरत, तीसरे पर नवी मुंबई

यूपी के 65 शहर कचरामुक्त

यूपी में 65 शहरों को कचरामुक्त होने का प्रमाण पत्र दिया गया है। वर्ष 2021 में केवल पांच शहर कचरा मुक्त घोषित किए गए थे। यूपी ने दो सालों में 13 गुना की वृद्धि की है।

लखनऊ रैंकिंग में फिसला

लखनऊ। लखनऊ की सफाई व्यवस्था और खराब हो गई। केंद्र सरकार की स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग में लखनऊ 17वें सीधे 27 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। 2022 में लखनऊ 17वें नंबर पर था जो इस वर्ष 44वें स्थान पर पहुंच गया है। राजधानी श्रेणी में लखनऊ नौवें स्थान पर है। > ब्योरा P06

राज्यों में महाराष्ट्र प्रथम

राज्यों की श्रेणी में महाराष्ट्र ने पहला स्थान मिला। दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश और तीसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ रहा। इस श्रेणी में उत्तर प्रदेश नौवें, बिहार 15वें, झारखंड 16वें और उत्तराखंड 19 वें स्थान पर रहा।